# एसबीआई 6 से 10 मार्च तक बेच रहा सस्ता सोना, 2.5 फीसदी की दर से मिलेगा ब्याज

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

देश का सबसे बड़ा सरकारी बैंक एसबीआई करोड़ों ग्राहकों के लिए खास ऑफर लेकर आया है, जिसमें आप सस्ता सोना खरीद सकते हैं। स्टेट बैंक ऑफ इंडिया की तरफ से आपको खास ऑफर मिल रहा है। 6 मार्च से सस्ता गोल्ड खरीद सकते हैं।

■ पांच साल बाद आप इस स्कीम से निकल सकते हैं

स्टेट बैंक ने अपने ऑफिशियल ट्वीट में लिखा है कि सॉवरेन गोल्ड बांड के साथ अपने निवेश पर सुनिश्चित रिटर्न और सुरक्षा प्राप्त कर सकते हैं। आपको इसमें एश्योर्ड रिटर्न की सुविधा मिलेगी। सॉवरेन गोल्ड बांड के निवेशकों को हर साल 2.5 फीसदी की दर से ब्याज मिलेगा। यह ब्याज छमाही आधार पर मिलेगा।

## सॉवरेन गोल्ड बांड के प्रति ग्राम की कीमत 5,611 रुपए होगी

### संभालकर रखने का झंझट नहीं

कैपिटल गेन टैक्स से राहत मिल जाएगी। इस तरह के गोल्ड को संभाल कर रखने का कोई झंझट नहीं है। इसके साथ ही किसी भी तरह की जीएसटी और मेकिंग चार्ज नहीं देना होगा। सीधे आपके डीमैट अकाउंट में आ जाएगा। लोन की सुविधा के लिए भी कर सकते हैं सॉवरेन गोल्ड बांड का इस्तेमाल कर सकते हैं। इस योजना के तहत सस्ता सोना 6 से 10 मार्च के दौरान उपलब्ध रहेगा। इसके लिए इश्यू प्राइस 5,611 रुपये प्रति ग्राम रखा गया है।



### आठ साल की मैच्योरिटी

सॉवरेन गोल्ड बांड की मैच्योरिटी 8 साल की होती है। लेकिन पांच साल बाद अगले ब्याज भुगतान की तारीख पर आप इस स्कीम से निकल सकते हैं। सॉवरेन गोल्ड बांड में निवेशक को कम से कम एक ग्राम सोने के लिए निवेश करना जरूरी है। जरूरत पड़ने पर निवेशक सॉवरेन गोल्ड बांड पर लोन भी ले सकता है लेकिन गोल्ड बांड को गिरवी रखना होगा।

### यहां खरीद सकेंगे सॉवरेन गोल्ड बांड?




सॉवरेन गोल्ड बांड स्मॉल फाइनेंस बैंक और पेमेंट बैंक को छोड़ कर सभी बैंक, स्टॉक होल्डिंग कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया, निर्धारित डाकघरों, मान्यता प्राप्त स्टॉक एक्सचेंजों, नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड और बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज लिमिटेड से खरीदे जा सकते हैं।

## खबर संक्षेप

### पूंजीकरण में सबसे ज्यादा फायदे में एसबीआई रही

**नई दिल्ली।** सेंसेक्स की शीर्ष 10 सबसे मूल्यवान कंपनियों में से पांच के बाजार पूंजीकरण में बीते सप्ताह सामूहिक रूप से 88,604.99 करोड़ रुपये की बढ़त हुई। सबसे अधिक फायदा भारतीय स्टेट बैंक और आईसीआईसीआई बैंक को हुआ। एचडीएफसी बैंक, आईसीआईसीआई बैंक, भारतीय स्टेट बैंक, एचडीएफसी और भारती एयरटेल का बाजार मूल्यांकन जहां बढ़ा है।

### तिलहन कीमतों में कारोबार का मिला-जुला रुख



**नई दिल्ली।** बीते सप्ताह दिल्ली तेल-तिलहन बाजार में कारोबार का मिला-जुला रुख देखने को मिला और सरसों तेल में मामूली सुधार के अलावा सोयाबीन तेल, मूंगफली तेल-तिलहन, कच्चा पाम एवं पामोलीन तेल कीमतों में मजबूती आई। दूसरी ओर, सरसों तिलहन तथा सरसों पक्की-कच्ची घानी तेल और बिनौला तेल कीमतों में गिरावट दर्ज हुई।

### चीनी निर्यात कोटा 60 लाख टन से बढ़ाने का कोई प्रस्ताव नहीं



**नई दिल्ली।** सरकार सितंबर में समाप्त होने वाले इस विपणन वर्ष में चीनी निर्यात के मौजूदा 60 लाख टन कोटा को बढ़ाने के किसी प्रस्ताव पर फिलहाल विचार नहीं कर रही है। 2022-23 (सितंबर) के लिए 60 लाख टन चीनी निर्यात की अनुमति दी है। 2021-22 में देश ने लगभग 110 लाख टन चीनी का निर्यात किया था, जो अब तक का सर्वाधिक निर्यात है।

## भारतीय मुद्रा रुपए में बढ़ावा देने की नीति जोर पकड़ रही

# रुपए में विदेशी लेनदेन की नीति ने पकड़ी रफ्तार, छह माह में खुले 49 वोस्ट्रो खाते

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली/ कोलंबो

भारतीय मुद्रा रुपये में विदेश व्यापार को बढ़ावा देने की नीति जोर पकड़ती दिख रही है क्योंकि महज छह महीने में ही 49 विशेष रुपया वोस्ट्रो खाते (एसआरवीए) खोले जा चुके हैं। सूत्रों ने बताया कि अब तक खोले गए 49 विशेष वोस्ट्रो खातों के अलावा कई खातों के लिए नियामक मंजूरी का इंतजार किया जा रहा है।

इन खातों के जरिए आठ देशों के साथ रुपये में व्यापार हो सकेगा। ये देश रूस, मॉरीशस, श्रीलंका, मलेशिया, म्यामां, सिंगापुर, इजराइल और जर्मनी हैं। रूस-यूक्रेन के बीच युद्ध छिड़ने के बाद पश्चिमी देशों द्वारा पाबंदियां लगाने की पृष्ठभूमि में भारत रुपये में विदेशी लेनदेन को बढ़ावा देने के निरंतर प्रयास कर रहा है।

### विस्तृत दिशा निर्देश जारी

इसी क्रम में भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने जुलाई 2022 में घरेलू मुद्रा में सीमा-पार व्यापारिक लेनदेन पर विस्तृत दिशा-निर्देश जारी किए थे। आरबीआई के दिशा-निर्देश जारी करने के बाद रूस के सबसे बड़े बैंक स्बेरबैंक और दूसरे सबसे बड़े बैंक वीटीबी बैंक पिछले वर्ष जुलाई में रुपये में व्यापार की मंजूरी पाने वाले पहले विदेशी बैंक बने थे।





### रूस ने कोलकाता स्थित यूको बैंक के साथ खाता खोला

रूस के एक अन्य बैंक गैजप्रोमबैंक ने भी कोलकाता स्थित यूको बैंक के साथ यह खाता खोला है। हालांकि इस रूसी बैंक की भारत में कोई शाखा नहीं है। एसबीआई मॉरीशस लिमिटेड और पीपल्स बैंक ऑफ श्रीलंका ने भारतीय स्टेट बैंक के साथ एसआरवीए खोला है। बैंक ऑफ सीलोन ने चेन्नई में अपनी भारतीय अनुषंगी के साथ वोस्ट्रो खाता खोला है।

■ महज छह माह में 49 विशेष वोस्ट्रो खाते खुल चुके

■ खातों के लिए नियामक की मंजूरी का इंजजार जारी

■ इन खातों से आठ देशों के साथ रुपए में व्यापार हो सकेगा

### भारतीय रुपए में लेन देन शुरू कर चुके

इसी कड़ी में कोलंबो स्थित भारतीय उच्चायोग ने दोनों देशों के बीच लेनदेन के लिए भारतीय रुपये के उपयोग को लेकर एक चर्चा का आयोजन किया। उच्चायोग से जारी एक बयान में कहा गया, 'बैंक ऑफ सीलोन, भारतीय स्टेट बैंक और इंडियन बैंक के प्रतिनिधियों ने अपने अनुभव साझा किए। उन्होंने बताया कि अपने वोस्ट्रो खातों के जरिए वे भारतीय रुपये में लेनदेन शुरू कर चुके हैं।'

### कर्ज की सुगमता उपलब्ध होगी

प्रतिभागी बैंकों ने लेनदेन में लगने वाले कम समय, विनियम दरों में कमी और व्यापार कर्ज की सुगम उपलब्धता जैसे लाभ भी बताए। श्रीलंका में भारत के उच्चायुक्त गोपाल बागले ने कहा कि इस पहल के तहत व्यापार और निवेश उपायों के जरिए दोनों देशों के बीच मजबूत एवं नजदीकी आर्थिक साझेदारी बनाने के लिए संयुक्त प्रयास किए जाएंगे।

### श्रीलंका के तीनों बैंकों के साथ विशेष खाता खोला

यूनियन बैंक ऑफ इंडिया ने आरओएस बैंक रशिया के साथ जबकि चेन्नई के इंडियन बैंक ने एनडीबी बैंक और सीलोन बैंक समेत श्रीलंका के तीन बैंकों के साथ विशेष रुपया खाता खोला है। भारतीय रुपये में आर्थिक लेनदेन करने और व्यापार तथा निवेश के रास्ते रिश्ते मजबूत करने के बारे में भारत और श्रीलंका के बीच बातचीत चल रही है।

# अब चीन से भारत में नहीं आएगा सस्ता और घटिया सामान

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

स्वदेशी सामान को बढ़ावा देने के लिए सरकार बड़ा कदम उठाने की तैयारी कर रही है। दोयम दर्जे की वस्तुओं के इंपोर्ट पर रोक लगाने और घरेलू इंडस्ट्रीज को बढ़ावा देने के लिए क्वालिटी कंट्रोल ऑर्डर (क्यूसीओ) लाए जाएंगे। सरकार एल्यूमीनियम, तांबे से बने प्रोडक्ट्स और डोमेस्टिक इलेक्ट्रॉनिक्स एप्लियांसेस के लिए अगले छह महीनों में कम-से-कम 58 क्यूसीओ लाएगी।इस फैसले का सबसे ज्यादा असर चीन पर होगा। दरअसल, सरकार जिस तरह के सामान का इंपोर्ट रोकने की प्लानिंग उनमें से ज्यादातर का इंपोर्ट चीन से ही होता है। कुल मिलाकर सरकार ने इंडिया में घटिया सामान के इंपोर्ट पर बैन लगाने की अच्छी तैयारी कर ली है, और आने वाले समय में इसका बड़ा असर देखने को मिल सकता है।



■ सरकार अगले छह माह में 58 क्वालिटी कंट्रोल आर्डर लाएगी

### हाई क्वालिटी प्रोडक्ट्स को बढ़ावा

डिपार्टमेंट फॉर प्रोमोशन ऑफ इंडस्ट्ररी एंड इंटरनल ट्रेड (डीपीआईआईटी) देश में हाई क्वालिटी प्रोडक्ट्स के मैन्यूफैक्चरिंग को बढ़ावा देने की कोशिश में लगा हुआ है। इसी दिशा में यह कदम उठाने की तैयारी। भारत में बने प्रोडक्ट्स अच्छी क्वालिटी के होंगे।

### इन सामानों का प्रोडक्शन होगा बंद

क्वालिटी कंट्रोल के लिए जारी होने वाले इन आदेशों के तहत 315 प्रोडक्ट्स स्टैंडर्ड होंगे। इन आदेशों के अंतर्गत, भारतीय मानक ब्यूरो (बीआईएस) चिह्न नहीं रखने वाले प्रोडक्ट्स का प्रोडक्शन, खरीद-बिक्री, इंपोर्ट और स्टोर नहीं किया जा सकेगा। उन्होंने कहा, यह क्यूसीओ प्रक्रिया का पालन करने के बाद एक साल के अंदर नोटिफाई कर दिए जाएंगे। सरकार ये सभी कदम देश में हाई-क्वालिटी प्रोडक्ट्स को बढ़ावा देने के लिए उठा रही है.उन्होंने कहा कि गुणवत्ता सुनिश्चित करने से इंडिया में बने आइटम्स के लिए पूरी दुनिया की मार्केट भी उपलब्ध रहेगी।

## विदेशी कोषों के रुख से तय होगी बाजार की दिशा

**नई दिल्ली।** शेयर बाजारों की दिशा इस सप्ताह वैश्विक रुझान तथा विदेशी कोषों के रुख से तय होगी। होली का अवकाश होने से सप्ताह के कारोबारी दिवस कम हो गए हैं। विश्लेषकों ने यह राय जताई है। बीएसई तथा नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ने होली के अवसर पर सात मार्च (मंगलवार) को अवकाश घोषित किया है। हालांकि स्टॉक ब्रोकरों के संगठन एएनएमआई ने सरकार, शेयर बाजारों तथा सेबी से होली का अवकाश सात मार्च के बजाए आठ मार्च को देने का अनुरोध किया है। स्वस्तिका इनवेस्टमार्ट लिमिटेड में वरिष्ठ तकनीकी विश्लेषक प्रवेश गौर ने कहा, ''मुद्रास्फीति को काबू में करने के लिए अमेरिका के केंद्रीय बैंक फेडरल रिजर्व द्वारा ब्याज दरों में लगातार बढ़ोतरी करने की आशंका के बीच भारतीय बाजारों में अस्थिरता बनी रहेगी।

## सरकार ने साबुत तुअर दाल पर से सीमा शुल्क हटाया

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने साबुत अरहर (तुअर) दाल पर लगे 10 प्रतिशत सीमा शुल्क को हटा दिया है। सरकार ने यह कदम अरहर दाल की बढ़ती कीमतों पर रोक लगाने के लिए उठाया है। केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर एवं सीमा शुल्क बोर्ड (सीबीआईसी) ने तीन मार्च की एक अधिसूचना में कहा है कि तुअर (साबुत) दाल पर अब कोई सीमा शुल्क नहीं लगेगा। यह आदेश चार मार्च से प्रभावी हो गया है। हालांकि साबुत तुअर दाल से इतर अन्य तुअर उत्पादों के आयात पर 10 प्रतिशत की दर से सीमा शुल्क लगता रहेगा। देशभर में तुअर दाल के कम उत्पादन की आशंका के बीच साबुत तुअर दाल पर से सीमा शुल्क हटाने का फैसला किया गया है।

## के. आर. मंगलम विवि के वार्षिक उत्सव में सुख- ई- म्यूजिकल डाक्टरज़ ने किया धमाल

**गुरुग्राम।** के. आर.मंगलमविश्वविद्यालयने मार्च 2-3, 2023कोदोदिवसीयवार्षिकउत्सव ₹रेन्देवू-2023₹को बड़े जोश, उत्साह और भव्यता के साथ मनाया।इस अंतर-विश्वविद्यालय वार्षिक उत्सव का मुख्य आकर्षण सुप्रसिद्ध गायक 'सुख-ई-म्यूजिकल डाक्टरज़' की धमाकेदार प्रस्तुति रहीं। जिनके गानों ने कार्यक्रम में मौजूद लोगों को झूमने पर मजबूर कर दिया।कार्यक्रम के समापन भाषण में माननीय कुलपति श्री सी.एस. दुबे ने कार्यक्रम की सफलता के लिए आयोजकों, प्रतिभागियों एवं विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दी और भविष्य में इस तरह के कार्यक्रमों के आयोजन का आश्वासन भी दिया। दो दिवसीय कार्यक्रम के दूसरे दिन

■ सांस्कृतिक उत्सव के दूसरे दिन भी प्रतिभागियों ने बिखेरा जलवा




वेबसाइट डिजाइन, प्रोजेक्ट एक्पो (प्रोजेक्ट एग्जीबिशन ऑफ वर्किंग मॉडल), मास्टर स्ट्रोक(फेश पेंटिंग प्रतियोगिता), स्टैंड अप कॉमेडी, वोकल सिंगिंग प्रतियोगिता, फैशन टेल्सः मिस एंड मिस्टर केआरएमयू के अलावा स्पोर्ट्स कार्यक्रम मेंवॉलीबॉल, फुटबॉल, टेबलटेनिसऔरएथलेटिक्स(400 मीटरऔर100 मीटर, लंबीकूद,डिस्कस थ्रो) इत्यादि कार्यक्रमों का सफल आयोजन किया गया।

## इलेक्ट्रिक मोटरसाइकिल ऐरा के चार मॉडल पेश करेगी मैटर



**नई दिल्ली।** नवोन्मेष आधारित प्रौद्योगिकी स्टार्ट-अप मैटर ने अपनी इलेक्ट्रिक बाइक 'ऐरा' के चार नए मॉडल लाने की घोषणा की है। ये मॉडल जल्द ही बुकिंग के लिए उपलब्ध होंगे। इसमें ऐरा 5000 संस्करण की एक्स शोरूम कीमत 1,43,999 रुपये और ऐरा 5000+ की एक्स शोरूम कीमत 1,53,999 रुपये होगी। भारतीय बाजार में इन दोनों संस्करणों की बुकिंग की घोषणा जल्द ही की जाएगी। बुकिंग कीमत पूरे देश में एक होगी। मैटर ऐरा बाइक दो बैटरी क्षमता यानी पांच केडब्ल्यूएच और छह केडब्ल्यूएच में आती है। इसकी एक्स शोरूम कीमतें केंद्र सरकार के समर्थन की सब्सिडी और जीएसटी श्रेणी के अनुसार हैं। बयान के अनुसार यह बाइक लिक्विड-कूल्ड बैटरी पैक व पॉवरट्रेन से संचालित है। इस इलेक्ट्रिक बाइक में आग लगने की संभावना बहुत कम हो जाती है।

## मारुति को सेमीकंडक्टर की समस्या अभी बने रहने की आशंका

**नई दिल्ली।** देश की अग्रणी वाहन विनिर्माता मारुति सुजुकी इंडिया (एमएसआई) का मानना है कि सेमीकंडक्टर की किल्लत अगली कुछ तिमाहियों तक बनी रह सकती है जिससे कुछ खास मॉडलों की आपूर्ति में विलंब और बढ़ जाएगा। एमएसई के वरिष्ठ कार्यकारी अधिकारी (बिक्री एवं विपणन) शशांक श्रीवास्तव ने कहा कि सेमीकंडक्टर की आपूर्ति अब भी एक समस्या बनी हुई है। उन्होंने कहा, 'पिछली तिमाही में सेमीकंडक्टर की वजह से 46,000 इकाइयों का नुकसान उठाना पड़ा था। इस तिमाही में भी कुछ मॉडलों के लिए यह समस्या बनी हुई है।' मारुति सुजुकी के पास 3.69 लाख इकाइयों की बुकिंग लंबित है जिसमें अकेले एर्टिगा मॉडल की ही 94,000 इकाइयों की बुकिंग है। इसके अलावा ग्रांड विटारा और ब्रेजा जैसे लोकप्रिय मॉडलों की भी क्रमशः 37,000 और 61,500 से अधिक बुकिंग हैं।

# 'हिन्दू वृद्धि दर' के बेहद करीब पहुंच चुका है भारतः राजन

■ उच्च ब्याज दरों में वृद्धि से सुस्त पड़ती जा रही रफ्तार

■ निजी क्षेत्र के निवेश में कमी का सामना करना पड़ रहा

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के पूर्व गवर्नर रघुराम राजन ने निजी क्षेत्र के निवेश में कमी, उच्च ब्याज दरों और वैश्विक वृद्धि की सुस्त पड़ती रफ्तार को देखते हुए कहा है कि भारत निम्न वृद्धि वाली 'हिन्दू वृद्धि दर' के बेहद करीब पहुंच गया है। भारतीय अर्थव्यवस्था की वृद्धि दर 1950 से लेकर 1980 के दशक तक चार प्रतिशत के निम्न स्तर पर रही थी जिसे 'हिन्दू वृद्धि दर' भी कहा जाता है। धीमी वृद्धि के लिए 'हिन्दू वृद्धि दर' शब्दावली का इस्तेमाल 1978 में भारतीय अर्थशास्त्री राज कृष्ण ने किया था।

### राष्ट्रीय आय के अनुमान में नरमी



राजन के मुताबिक, एनएसओ ने पिछले महीने राष्ट्रीय आय के जो अनुमान जारी किए हैं उनसे तिमाही वृद्धि में क्रमिक नरमी के संकेत मिलते हैं जो चिंता की बात है। एनएसओ के मुताबिक, चालू वित्त वर्ष की तीसरी तिमाही में सकल घरेलू उत्पाद की वृद्धि दर घटकर 4.4 फीसदी रह गई।

***मैं क्रमिक नरमी को लेकर चिंतित हूं***

*राजन ने ईमेल के जरिए दिए गए एक साक्षात्कार में कहा, 'आशावादी निश्चित ही पिछले जीडीपी आंकड़ों में किए गए सुधार की बात करेंगे लेकिन मैं क्रमिक नरमी को लेकर चिंतित हूं।*

### 4.2 फीसदी वृद्धि का अनुमान जताया

राजन ने कहा, 'मेरी आशंकाएं बेवजह नहीं हैं। आरबीआई ने तो चालू वित्त वर्ष की अंतिम तिमाही में और भी कम 4.2 फीसदी की वृद्धि दर का अनुमान जताया है। इस समय, अक्टूबर-दिसंबर तिमाही की औसत वार्षिक वृद्धि तीन साल पहले की तुलना में 3.7 फीसदी है। यह पुरानी हिन्दू वृद्धि दर के बहुत करीब है और यह डराने वाली बात है। हमें इससे बेहतर करना होगा।'

## राशिफल

**मेष** — मन प्रसन्न रहेगा, परन्तु बातचीत में सन्तुलित रहें। शैक्षिक कार्यों में व्यवधान रहेंगे। सन्तान की ओर से सुखद समाचार मिल सकते हैं। तरक्की के योग हैं।

**वृष** — मन थोड़ा परेशान हो सकता है। माता के स्वास्थ्य में सुधार होगा। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। कारोबार के लिए विदेश जाना हो सकता है।

**मिथुन** — आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। कारोबारी कार्यों में सफलता मिलेगी, परन्तु परिश्रम भी अधिक रहेगा। लाभ के अवसर मिलेंगे। सेहत का ध्यान रखें।

**कर्क** — वाणी में मधुरता रहेगी। किसी राजनेता से भेंट हो सकती है। नौकरी में कार्यक्षेत्र में परिवर्तन हो सकता है। कार्यभार में वृद्धि हो सकती है।

**सिंह** — आत्मविश्वास भी बहुत रहेगा। परिवार में धार्मिक कार्य होंगे। मीठे खानपान में रुचि बढ़ेगी। खर्च बढ़ेंगे। तरक्की का मार्ग प्रशस्त होगा।

**कन्या** — किसी धार्मिक स्थान की यात्रा पर जा सकते हैं। नौकरी में कार्यक्षेत्र में वृद्धि हो सकती है। भाइयों से मनमुटाव की स्थिति बन सकती हैं।

**तुला** — मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। कारोबार में सुधार होगा। कारोबार के विस्तार के लिए पिता से आर्थिक सहयोग मिल सकता है। शैक्षिक कार्यों में सफलता के योग हैं।

**वृश्चिक** — किसी मित्र से कारोबार का प्रस्ताव मिल सकता है। कारोबार से लाभ के अवसर भी मिल सकते हैं। यात्रा के सुखद परिणाम मिलेंगे।

**धनु** — आत्मविश्वास से लबरेज तो रहेंगे, परन्तु मन अशान्त भी हो सकता है। कारोबार की स्थिति सन्तोषजनक रहेगी, परन्तु परिश्रम अधिक रहेगा।

**मकर** — संयत रहें। व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। परिवार की समस्याएं परेशान कर सकती हैं। शैक्षिक कार्यों के लिए विदेश जा सकते हैं।


**कुंभ** — आत्मविश्वास भरपूर रहेगा, परन्तु मन में उतार-चढ़ाव भी रहेंगे। परिवार का साथ मिलेगा। सेहत का ध्यान रखें। व्यर्थ की चिंता परेशान करेंगी।

**मीन** — मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे, परन्तु आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। खर्च अधिक रहेगा। मित्रों से भेंट होगी।

**सूचना**

सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्पले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

## शब्द पहेली - 5086



**बाएँ से दाए-**

1. छुट्टी, रजा-4
3. वध, आघात-4
5. दशानन-3
7. अनमोल, अनूठा-3
8. अनाथ, बेसहारा-3
10. खजूर-3
11. रहम करना-2,3
14. गहराई नापना-2,3
17. लगातार, सतत-5
20. संतुष्ट होना-2,3
23. बीच में, दौरान-3
24. खुश, आनंदित-3
25. शिक्षा-3
26. शोक-3
27. जांचना, परखना-4
28. धार्मिक विधि का आयोजन करने वाला-4

**ऊपर से नीचे**

2. मयखाना, मधुशाला-5
3. प्रेमकहानी-5
4. चापलूसी-4
6. नटना, वचन तोड़ना-4
7. फिजूल, व्यर्थ-3
9. अव्यवस्थित समूह, भीड़-3
12. गुजर करना-3
13. वेग, गति-3
15. खूबसूरत-3
16. पर्वतीय मैदान, समतल पर्वत-3
17. गुजारिश, मांग-4
18. सुअर-3
19. गुस्सा होना-5
20. ममतापूर्ण-5
22. अयोग्य, असंगत-4

**शब्द पहेली - 5085 का हल**



## सूडोकु नवताल - 5091

★★★★☆ कठिन

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | 1 | 4 | | |
| | | | | | | 5 | 8 | |
| | | | 7 | 2 | | | | |
| | | | 2 | | | | 6 | 7 |
| 4 | | | | | | | | 3 |
| 5 | 8 | | | | 9 | | | |
| | | | | 8 | 5 | | | |
| | 7 | 6 | | | | | | |
| | | 9 | 3 | | | | | |

■ MANGAL SENACHA, BANGALORE

■ प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.

■ प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.

■ पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.

■ पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल - 5090 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 8 | 9 | 2 | 3 | 1 | 6 | 5 | 4 |
| 3 | 2 | 4 | 6 | 5 | 9 | 7 | 8 | 1 |
| 6 | 5 | 1 | 8 | 4 | 7 | 2 | 9 | 3 |
| 5 | 1 | 7 | 3 | 9 | 8 | 4 | 6 | 2 |
| 4 | 6 | 8 | 5 | 1 | 2 | 9 | 3 | 7 |
| 9 | 3 | 2 | 4 | 7 | 6 | 8 | 1 | 5 |
| 1 | 4 | 6 | 9 | 2 | 3 | 5 | 7 | 8 |
| 2 | 9 | 3 | 7 | 8 | 5 | 1 | 4 | 6 |
| 8 | 7 | 5 | 1 | 6 | 4 | 3 | 2 | 9 |